## एक नजर में

### रतलाम- अम्बेडकर नगर डेमू का इंजन खराब हुआ

**रतलाम।** रतलाम से चलकर महू जाने वाली डेमू पैसेंजर ट्रेन के इंजिन में खराबी ने यात्रियों को एक बार फिर परेशानी में डाल दिया। सुबह 6.35 बजे वाली यह ट्रेन 2 घंटा से लेट हुई। डेमू के इंजिन में खराबी की समस्या हर दूसरे दिन आ रही है। पर्याप्त मेंटेनेंस के अभाव में इंजिन में ऐसी खराबी आए दिन की बात होने लगी है। इससे यात्रियों के समय की बर्बादी तथा काम प्रभावित होने लगे है। गुरुवार को सुबह 6.30 बजे चलने वाली डेमू 8.15 बजे तक प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर ही खड़ी रही। यात्रियों ने ट्रेन लोको पायलट व गार्ड पर नाराजगी जताई। स्टेशन मास्टर द्वारा दूसरा इंजिन बुलवाया तथा बाद में ट्रेन रवानगी के इंतजाम किए गए। इसके बाद 8.20 बजे ट्रेन रवाना हुई।

### ज्वलनशील स्थानों पर पटाखों के क्रय-विक्रय, भण्डारण, परिवहन गतिविधियां प्रतिबंधित

**रतलाम।** अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल, सर्वोच्च न्यायालय, राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) नई दिल्ली, (एनजीटी ) सेंट्रल जोन भोपाल के पारित निर्देशों के परिपालन में व क्षेत्रीय अधिकारी मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उज्जैन के निर्देशानुसार जिले की वायु गुणवत्ता रिपोर्ट को दृष्टिगत रखते हुए, अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी डॉ. शालिनी श्रीवास्तव द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रतलाम जिले में पटाखे जिनके निर्माण में Barium salt का उपयोग किया गया हो, लड़ी (जुड़े हुए पटाखें) में बने पटाखें, पटाखे जिनकी तीव्रता विस्फोट स्थल से 04 मीटर की दूरी पर 125 डेसीबल से अधिक हो, पटाखे जिनके निर्माण में antimony, lithium, mercury, arsenic, lead, strontium chromate का उपयोग किया गया हो, पटाखों का ई-कामर्स कंपनीयों अथवा निजी व्यक्तियों द्वारा ऑनलाईन विक्रय तथा गैर लायसेंसी विक्रय, रात्रि 7 बजे से पहले तथा रात्रि 10 बजे के बाद पटाखे जलाना, त्योहारों के दौरान घोषित शांत क्षेत्रों अर्थात अस्पताल, नर्सिंग होम, स्वास्थ्य केन्द्र, शिक्षण सस्थानों, न्यायालयों, धार्मिक स्थलों इत्यादि से 100 मीटर की दूरी तक पटाखा जलाना, आयुध निर्माणियों, पेट्रोल पंप, गैस गौदाम, पटाखा बजारों इत्यादि अन्य ज्वलनशील स्थानों पर पटाखों के क्रय-विक्रय, भण्डारण, परिवहन गतिविधियो को प्रतिबंधित किया गया है। एडीएम डॉ. श्रीवास्तव ने निर्देश दिए कि पटाखा जलने के उपरांत उत्पन्न कचरें को ऐसे स्थानों पर न फैका जाए जहां पर प्राकृतिक जल स्त्रोत एवं पेयजल स्त्रोत प्रदूषित होने की संभावना ना हो। उक्त कचरे को एकत्रित कर नगर निगम/नगर पालिका/नगर परिषद्/ग्राम पंचायत के सफाई कर्मचारियों को सौंपा जाकर उचित प्रबंधन कराया जाए। अनुविभागीय दण्डाधिकारी अपने-अपने अनुभाग क्षेत्र के समस्त पटाखा निर्माताओं, भण्डारणकर्ताओं एवं लायसेंस विक्रेताओं से संदेहास्पद प्रतिबंधित पटाखों की स्थिति में सेम्पल लेकर म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की प्रयोगशाला में जांच हेतु भेजा जाना सुनिश्चित करें। उक्त आदेश का उल्लंघन करने वाले के विरूद्ध विस्फोटक नियमों तथा भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### शास.कन्या शाला,परिसर में जेंडर संवेदीकरण एवं माहवारी स्वच्छता पर सत्र आयोजित किया गया

**रतलाम।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओं बेटी पढाओं अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में शास.कन्या शाला में जेन्डर संवेदीकरण एवं माहवारी स्वच्छता पर सत्र आयोजित किया गया। जेन्डर के मुद्दो पर जागरूक करने और समानता के व्यवहार को बढ़ावा देने व जेन्डर पर समझ बनाने के लिए प्रस्तुतिकरण, गतिविधियों एवं विडियो के माध्यम से संवाद किया गया। बेटी बचाओं बेटी पढाओं अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में जिले के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें विद्यार्थियों, शिक्षक गण एवं प्रबंधकीय स्टाफ का जेंडर विषय पर उन्मुखीकरण किया जा रहा है जिससे वो जेन्डर जैसे मुद्दे को संवेदनशीलता से समझ उसको अपने व्यवहारों मे शामिल करें। महिला बाल विकास विभाग रतलाम की सहायक संचालक श्रीमती भारती डांगी ने माहवारी स्वचछता पर अपनी बात रखते हुए उपस्थित बालिकाओं को चुप्पी तोड़ते हुए माहवारी पर खुलकर बात करने तथा शर्म व झिझक छोड़कर विश्वास बनाए रखने हेतु प्रेरित किया। परियोजना अधिकारी श्रीमती अर्चना माहोर ने विभागीय योजनाओं संबंधित जानकारी प्रदान की गई। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुनील सेन, यूनिसेफ से ममता, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा छात्राओं को जेन्डर के विषय को गंभीरता से समझते हुए उसको अपने व्यवहार में शामिल करने की आवश्यकता है, सबसे पहले महिलाओं को अपने व्यवहार मे समानता का भाव लाना पडेगा और पुरूषो को इसके लिए प्रेरित करना होगा। विडियो के माध्यम से सकारात्मक मर्दानगी, सामाजिक व्यवहार एवं सोच को बताते हुए प्रतिभागियों से चर्चा की गई। कार्यक्रम में गणतंत्र मेहता, प्राचार्य शास.कन्या शाला परिसर, आशीष दशोत्तर एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम मे अपनी सक्रिय सहभागिता दी।

### हाई स्कूल भैसाना मे 24 साइकिल की वितरित



**जावरा।** शासकीय हाई स्कूल भैसाना मे साइकिल वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 24 साइकिल वितरित की गई। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष व शिक्षा समिति अध्यक्ष हरिओम शाह एवं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बानीखेड़ी मांगीलाल पांचाल, ग्राम पंचायत भैसाना सरपंच पूजा पासी उपस्थिति रही। इस दौरान विद्यालय प्राचार्य शीलारानी तोमर व साइकिल प्रभारी रामबेटी सिंह, माया सोनी, बालाराम परिहार, गोपाल रोडवार एव पालकगण की उपस्थिति में साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम का संचालन गोपाल रोडवार ने तथा आभार बालाराम परिहार ने माना।

# जिला चिकित्सालय में पुलिसकर्मियों से मारपीट

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** युवक द्वारा दो पुलिसकर्मियों से अभ्रदता और मारपीट का वीडियों सामने आया हैं। युवक द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों पर आरोप लगाए।

**आरक्षक की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया**



पुलिस ने जांच करवाई और मामले में आरक्षक की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया हैं। बुधवार को रात्रि में जिला अस्पताल रतलाम में एक युवक द्वारा अस्पताल प्रबंधन से विवाद किया जा रहा था। सूचना मिलने पर जिला अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात आरक्षक विकास गरवाल एवं नगर सैनिक प्रमोद मौके पर पहुंचे। मौके पर उक्त व्यक्ति द्वारा दोनों पुलिसकर्मियों पर शराब के नशे में होने का आरोप लगाते हुए उनके साथ झूमाझटकी एवं मारपीट की गई। घटना की जानकारी मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए दोनों पुलिसकर्मियों के मेडिकल परीक्षण कराए जाने के निर्देश दिए गए। मेडिकल रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ कि दोनों पुलिसकर्मी शराब के नशे में नहीं थे। अत: यह पाया गया कि उक्त व्यक्ति गौरव पिता राजेंद्रसिंह सोलंकी द्वारा बिना किसी कारण के पुलिसकर्मियों एवं हॉस्पिटल स्टाफ के साथ अभद्रता, झूमाझटकी एवं मारपीट की गई। पुलिस द्वारा दोनों पुलिसकर्मियों की शिकायत के आधार पर आरोपी व्यक्ति के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

**वीडियों में धक्का-मारपीट**

जिला अस्पताल की ओपीडी में दो पुलिसकर्मियों से पिटाई का वीडियों सामने आया हैं। एक व्यक्ति पहले एक आरक्षक की कॉलर पकड़ते हुए दिखाई दे रहा है और पेट पर मुक्का मार रहा हैं। दूसरा जवान बीच-बचाव करने आता है, लेकिन उसे भी धक्का दे देता है जिससे वह गिर जाता हैं।

## बाजना में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** लगातार मिल रही शिकायत के बाद गुरूवार को अधिकारी जेसीबी लेकर पहुंचे। यहां से दल ने अस्थाई अतिक्रमण हटाया। तहसीलदार बाजना ने बताया कि बाजना में विगत कई वर्षों से अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा ग्राम के मुख्य बाजार के मार्गों एवं मुख्य स्थानों पर स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण कर मार्गो को अवरूद्ध किया जा रहा था। जिससे ग्रामवासियों एवं अन्य वाहनों को आवागमन में काफी मशक्कत करना पड रहा था। ग्राम वासियों द्वारा लगातार अतिक्रमणकर्ताओं के विरूद्ध कार्यवाही को लेकर मांग की जा रही थी। 15 अक्टूबर को राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं पंचायत विभाग के संयुक्त दल द्वारा ग्राम बाजना के आबादी क्षेत्र एवं बस स्टैंड के आस-पास फैले हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही के प्रथम चरण में अस्थाई अतिक्रमणकर्ताओं का अतिक्रमण हटाया गया। स्थाई अतिक्रमण को हटाए जाने की कार्यवाही द्वितीय चरण में पूर्ण की जावेगी।

## कांग्रेस का आज धरना-प्रदर्शन

**रतलाम।** मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा मैं जहरीले खांसी की सिरप से हो रही मासूम बच्चों की दुखद मौत को लेकर कांग्रेस पदाधिकारी आज जिला अस्पताल में धरना देगी। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर आज प्रदर्शन होगा। विरोध में रतलाम जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा शुक्रवार को 11 बजे बाल चिकित्सालय के गेट पर धरना व प्रदर्शन किया जाएगा। रतलाम जिला(ग्रामीण )कांग्रेस अध्यक्ष हर्ष विजय गेहलोत व रतलाम शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शांतीलाल वर्मा एवं समस्त कांग्रेस मोर्चा संगठन कार्यकर्ताओं से प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की।

## सात्तरुंडा, ताल एवं सरवन की मिष्ठान दुकानों से नमूने लिए, जांचने भेजे

**रतलाम।** सात्तरुंडा स्थित बीकानेर स्वीट्स से दो नमूने केसर बर्फी एवं चमचम के नमूने एवं रतलाम स्थित जैन मिठाई वाला फव्वारा चौक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकानों पर अस्वच्छकार परिस्थितियों में मिठाइयों का निर्माण होते पाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेश कुमार गुप्ता ने बताया कि फर्म से तीन नमूने मावा नमकीन सेव एवं प्रीमियम नमकीन सेव के नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश जमरा द्वारा ताल में कार्यवाही करते हुए आलोट नाका स्थित चारभुजा नमकीन सेंटर से सेव और बेसन, सरदार पटेल मार्ग स्थित शर्मा नमकीन भंडार से मिठाई, पटवारी गली स्थित नाकोडा नमकीन से सेव, बेसन और मटर आटा के नमूने लिए गए। जावरा स्थित श्री श्री जोधपुर मिष्ठान भंडार का निरीक्षण किया गया। मौके पर मलाई कतली का नमूना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत लिया गया। इसी प्रकार ग्राम सरवन तह सैलाना में श्रीमती प्रीति मंडोरिया द्वारा निरीक्षण कर 3 नमूने लिए गए। गणेश किराना सदर बाजार सरवन से मोरवी भोग बेसन, माधव किराना एंड दूध डेयरी से घी का नमूना, तापड़िया किराना से कीर्ति रिफाइंड सोयाबीन ऑयल के नमूने जांच हेतु लिए गए।

## हतनारा में फिर मिला अपंजीकृत क्लीनिक,दल ने किया सील

रतलाम/पिपलौदा। ब्लॉक पिपलोदा के ग्राम हतनारा में अपंजीकृत चिकित्सक द्वारा 5 वर्षीय बालक का उपचार करने संबंधी सूचना प्राप्त हुई थी। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने प्रकरण को संज्ञान में लेकर सीएमएचओ डॉक्टर संध्या बेलसरे और सिविल सर्जन डॉक्टर एम एस सागर को कार्रवाई कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया था। सीएमएचओ डॉक्टर संध्या बेलसरे के निर्देश पर बी एम ओ डॉ पवन पाटीदार ने तहसीलदार की उपस्थिति में माधव सिंह पिता मोहन सिंह कछावा के नीम वाली गली ग्राम हतनारा के अवैध क्लीनिक पर कार्यवाही करके मौके पर मौजूद इंजेक्शन और गोली दवाई जब्त कर पंचनामा बनाकर क्लिनिक सील कर दिया। क्लिनिक पर चिकित्सक उपस्थित नहीं मिला।

**रतलाम में हो रहा बालिका का उपचार**



5 वर्षीय बालक माधव पाटीदार पिता भंवर लाल पाटीदार की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लेने के लिए सिविल सर्जन डॉक्टर एम एस सागर और चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रणव मोदी, राघव न्यूरो ट्रामा सेंटर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि बच्चे का उपचार पहले हतनारा में फिर डॉ अमित कुशवाह साईं श्री क्लिनिक 80 फीट रोड पर कराया गया था। उनके द्वारा इंदौर उपचार करने की सलाह दी गई थी इसलिए मेडिकेयर हॉस्पिटल इंदौर उपचार कराया गया। वहां से परिजन बालक को लेकर राघव न्यूरो ट्रामा सेंटर रतलाम लेकर आ गए थे और वर्तमान में बच्चे का उपचार राघव न्यूरो ट्रॉमा सेंटर में कराया जा रहा है, बालक की स्थिति वर्तमान में स्थिर बनी हुई है। डॉ मिलेश जैन ने बताया कि बालक की आवश्यक जांच कराई गई है, जांच रिपोर्ट आने के उपरांत ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## महिला से मंगलसूत्र झपटने का प्रयास करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** फरियादी भारत सिंह पिता जय सिंह दांगी उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम अबूपूरा थाना ताल गुरूवार को अपनी बहन शारदा को मोटरसाइकिल पर बिठाकर भगोर-ताल-बरखेड़ा रोड से जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम लसूडिया के पास एक अज्ञात व्यक्ति बिना नंबर की काली पल्सर मोटरसाइकिल से उनका पीछा करने लगा। उसने दो-तीन बार उनकी बाइक के आगे-पीछे गाड़ी लगाई और सुबह लगभग 08:15 बजे बोरबरड़ा फंटा, जमुनिया शंकर के पास पहुंचने पर उनकी बहन के गले से सोने का मंगलसूत्र झपटने का प्रयास किया। झपट्टा मारने के दौरान मंगलसूत्र टूट नहीं पाया, परंतु फरियादी की मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया। फरियादी द्वारा मोटरसाइकिल रोककर शोर मचाने पर आरोपी मौके से बरखेड़ा की दिशा में भाग गया। फरियादी ने तत्काल अपने रिश्तेदार अर्जुन सिंह व लखन सिंह के माध्यम से थाना बरखेड़ा पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी बरखेड़ा निरीक्षक रविंद्र दंडोतिया द्वारा त्वरित पुलिस टीम व अर्जुनसिंह व लखन सिंह द्वारा दी गई सूचना के आधार पर उनके साथ ही बरखेड़ा सांची दूध डेयरी के पास घेराबंदी कर उक्त आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम विक्रम पिता मांगीलाल बागड़ी उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम खंडरिया काचर थाना सीतामऊ जिला मंदसौर बताया। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना बरखेड़ा कला में अपराध क्रमांक 166/2025 धारा 304(2), 62 बीएनएस का पंजीकरण कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एवं मोबाइल फोन जप्त किए गए। प्रारंभिक जांच में ज्ञात हुआ कि आरोपी के विरुद्ध इंदौर के विभिन्न थानों में चोरी एवं अन्य अपराधों के कई प्रकरण दर्ज हैं। गिरफ्तारी में थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र दंडोतिया, उप निरीक्षक हरि सिंह बडेरा, आरक्षक ओम प्रकाश गुर्जर का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस ने आरोपी से एक काली पल्सर मोटरसाइकिल (बिना नंबर)व एक मोबाइल फोन जब्त किया हैं।

**सूझबूझ, पुलिस सक्रियता से टली वारदात**

फरियादी भारत सिंह की त्वरित सूचना एवं पुलिस टीम की तत्परता के चलते एक गंभीर वारदात होने से टल गई। पुलिस की सक्रियता से आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया गया, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ हुई है।

## मंत्री काश्यप बोले- युवाओं के भविष्य के लिए विकसित भारत 2047 की संकल्पना






**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने दीपावली पर्व पर इस वर्ष पहली बार युवा चेतना दीप मिलन समारोह आयोजित कर युवाओं में जोश और जुनून का संचार किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 की संकल्पना युवाओं के लिए है। इससे जो विकसित भारत आपको मिलने वाला है, वह आत्मनिर्भर होगा और एक बेहतर भविष्य का निर्माण करेगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सरकार इसी दिशा में कार्य कर रहे है। उम्मीद है कि रतलाम के युवा नए विचारों के साथ नई संभावनाओं को लेकर आगे बढ़ेंगे और पूरे देश में शहर का नाम रोशन करेंगे। समारोह में युवाओं प्रेरित करने के लिए इंटरप्रिन्योर प्रशांत कुलकर्णी, स्टार्टअप मध्यप्रदेश की एक्ज्यूकेटिव डायरेक्टर आभा ऋषि ने युवाओ को आत्मनिर्भर बनने के टिप्स दिए। महापौर प्रहलाद पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने भी संबोधित किया।

**युवा चेतना दीप मिलन समारोह का आयोजन**

मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में अगला भविष्य आपका है। उम्मीद है कि शहर के युवा रतलाम के नाम को पूरे देश में रोशन करेंगे। युवा शक्ति में जोश और जुनून कैसे आए और उसकी दिशा क्या हो, उसके लिए इस सम्मेलन में बहुत सारे विषयों को रखा गया है और फिल्म के माध्यम से दिखाया भी गया है। अब समय आया है कि युवा नए विचारों के साथ आगे आए। प्रधानमंत्री मोदी जी ने वैचारिक अनुष्ठान के साथ कई प्रकल्प दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की परिकल्पना कर उसे आगे बढ़ाया गया है। रतलाम के पास इंडस्ट्रीज कॉरिडोर में 500-500 करोड़ की दो इंडस्ट्रीज आई है और दो का काम चल रहा है। हजार करोड़ का एसआरएफ कंपनी से एग्रीमेंट हुआ हैं। कई उद्योग और आएंगे, उनके माध्यम से नए अवसर बनेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने कहा कि कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप रतलाम के युवा को नौकरी देने वाला बनाना चाहते है। इसके लिए वे लगातार विकास कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। महापौर प्रहलाद पटेल ने कहा कि काश्यपजी सबके लिए लगातार काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री भी उन्हें मंत्री मंडल के सबसे बेहतरीन मंत्रियों में बता रहे है, जो हमारे लिए गौरव की बात है।

युवाओं को मार्गदर्शन देने आई एमपी स्टार्टअप की यूनिट हेड डॉ आभा ऋषि ने कहा कि सभी अमीर, फेमस बनना चाहते हैं। उद्यमिता ही ऐसा दौर लेकर आती है, जहां सपने पूरे हो सकते हैं। एंटरप्रेन्योर प्रशांत कुलकर्णी ने कहा कि स्टार्टअप बहुत बड़ा रॉकेट साइंस नहीं है। यदि बाहर का बर्गर इंडिया में आ सकता है तो हमारे यहां की पानी पुरी भी कहीं भी जा सकती है। मैंने पानी पुरी की जर्नी 30 हजार से शुरू की थी और आज चार कंट्री में पहुंचा दिया। कार्यक्रम का संचालन विकास शैवाल ने किया। आभार सिद्धार्थ काश्यप ने माना।

## संगति का व्यक्ति के जीवन में पड़ता है गहरा प्रभाव :जोशी

**जावरा।** जन्म से ही कोई डाकू संत महात्मा या शिक्षक नहीं होता है, परिस्थितिया और वातावरण पर यह सारी बातें निर्भर करती है। महर्षि वाल्मीकि के बारे में भी ऐसा ही कह सकते हैं, घर की परिस्थितियों ने ही उन्हें डाकू बनाया लेकिन महर्षि नारद के संपर्क में आते ही उन्हें राम नाम के महत्व के ज्ञान की प्राप्ति हुई और वह रत्नाकर डाकू से आगे चलकर महर्षि वाल्मीकि के रूप में हमारे सामने प्रस्तुत हुए। भगवान राम का ध्यान करते-करते उनके शरीर पर वाल्मीकि जिसको आजकल उदी कहते हैं चढ़ गई थी, कई वर्षों तक उन्होंने इस प्रकार भगवान राम की तपस्या की और रामायण की रचना की। इनका जीवन सीखाता है कि एक साधारण व्यक्ति भी अपने ज्ञान तप और संगति के बल पर महान व्यक्ति बन सकता है।

**वाल्मीकि जयंती पर हुआ काव्य समारोह आयोजित**

इन्होंने जीवन में न्याय धर्म और सत्य की शिक्षा दी। उक्त विचार सुंदरलाल जोशी सूरज (नागदा) ने वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष में जावरा आयोजित काव्य समारोह में अतिथि के रूप में व्यक्त किए। इस अवसर पर आपने शरद पूर्णिमा के महत्व को भी रेखांकित किया।

काव्य समारोह के मुख्य अतिथि नीमच से वरिष्ठ साहित्यकार और शायर प्रमोद रामावत ने अपने शेर,गीत और गजलों से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा प्रकाश उपाध्याय ने की, आपने मधुर गीतों की प्रस्तुति से खूब वाहवाही लूटी। नागदा के कैलाश सोनी सार्थक ने हास्य की झड़ी लगा दी। कवयित्री वंदना, सुंदरलाल जोशी सूरज, नंदकिशोर राठौर, मनोहरसिंह मधुकर और नागौर के कवि पुरोहित के शृंगार गीतों पर श्रोता झूम उठे।

बंगाल से पधारे व्यंग्यकार पंकज साहा और रमेश मनोहरा की व्यंग्य रचनाओं ने अपनी अमिट छाप छोड़ी। फ़ज़ल हयात की शायरी का श्रोताओं ने तालियों से स्वागत किया। सुमधुर संचालन राजेंद्र श्रोत्रिय ने किया, आभार बाबूलाल नाहर ने माना। बड़ी संख्या में रसिक श्रोताओं ने काव्य संध्या का आनंद लिया।

काव्य समारोह के मुख्य अतिथि नीमच से वरिष्ठ साहित्यकार और शायर प्रमोद रामावत ने अपने शेर,गीत और गजलों से सबका मन मोह लिया।

## कई आवेदन, निवेदन के बाद भी नतीजा शून्य

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अपने अधिनस्त सह प्राध्यापक डॉ मदनलाल गांगले के साथ घोर अन्याय करते हुए बीते 15 सालों बाद भी सभी अहताए पूर्ण करने तथा सेवानिवृत होने के बाद भी अब तक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) पदनाम नहीं दिया हैं। जबकि सह प्राध्यापक के साथ के अन्य सहप्राध्यापको को प्राध्यापक पदनाम काफी पहले दिया जा चुका हैं। डॉ गांगले बीते 15 सालों में कई बार पत्राचार के माध्यम से अपनी बात वरिष्ठ अधिकारियों तक रखते आए हैं, अधिनस्त कार्योलयों से लेकर वरिष्ठ कार्यालयों तक कई बार आवेदन, निवेदन किए लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हो पा रही हैं। जिससे ऐसा प्रतित होता हैं कि उच्च शिक्षा विभाग अपने अधिनस्त प्राध्यापकों के हितों के प्रति उदासीन हैं।

**15 साल मे भी नहीं मिला प्राध्यापक पदनाम**

**उच्च शिक्षा विभाग कई प्राध्यापकों के हितों को लेकर नहीं दे रहा ध्यान**

**15 साल से नहीं हुआ निराकरण**

मध्यप्रदेश शासन और प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा मंत्रालय भोपाल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विगत 15 साल से अपने पक्षपात पूर्ण रवैये घोर लापरवाही के चलते बिना वजह जावरा निवासी डॉ मदनलाल गांगले शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रतलाम से सेवानिवृत हुए का प्राध्यापक पदनाम रोक रखा हैं। तकरीबन 40 साल की सेवा पूर्ण करके पिछले तकरीबन पौने दो बरस से सेवानिवृत हुए डॉ गांगले प्राध्यापक पदनाम को लेकर असमंजस की स्थिति में हैं। इनका कहना है कि प्राध्यापक अर्थशास्त्र पदनाम के लिए नीयत पात्रता तिथि 1 अप्रेल 2010 से प्राध्यापक अर्थशास्त्र पदनाम हेतु पात्र हैं।

**सेवा** — शहर सहित सुखेड़ा, मऊखेड़ी, पंचेवा एवं पिपलौदा में वस्त्र किए वितरित

## सेंटपॉल स्कूल के वस्त्र दान अभियान से जरूरतमंदों तक पहुँची खुशिया




**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** दीपावली पर्व से पूर्व स्थानीय सेंट पॉल्स कॉन्वेंट स्कूल द्वारा समाज सेवा की अद्भुत मिसाल पेश करते हुए दो दिवसीय वस्त्र दान अभियान का आयोजन किया। इस अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिवार ने जावरा शहर सहित सुखेड़ा, मऊखेड़ी, पचेवा और पिपलौदा की बस्तियों में जरूरतमंद परिवारों तक वस्त्र वितरित किए। इस सामाजिक पहल का उद्देश्य निर्धन एवं असहाय परिवारों को सहायता प्रदान करना तथा विद्यार्थियों में सेवा, सहयोग एवं संवेदनशीलता की भावना का विकास करना रहा। विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने घर-घर जाकर अच्छे हालत के कपड़े एकत्र किए और सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषों के लिए स्वेटर, जैकेट, शॉल आदि वितरित किए।

विद्यालय प्राचार्य देवेंद्र मूणत ने कहा कि दीपावली प्रकाश और खुशियों का पर्व है, और जब हम किसी जरूरतमंद के जीवन में प्रकाश लाते हैं, तभी इसका सच्चा अर्थ पूरा होता है। मैनेजर भाविक मूणत ने बताया वस्त्र दान केवल वस्त्र देने का कार्य नहीं, बल्कि यह समाज के प्रति संवेदना और मानवता का प्रतीक